


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 184 ● मुंबई, सोमवार 03 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


**मुख्यमंत्री का डूंगरपुर दौरा, बजट 2025-26 में जनजातीय पर्यटन सर्किट विकसित करने का प्रावधान, त्रिपुरा सुंदरी-मानगढ़ धाम-बेणेश्वर धाम सहित अन्य स्थल होंगे शामिल**

## मंदिरों से भारत की आध्यात्मिक कीर्ति दुनियाभर में फैली आस्था धामों का कायाकल्प कर रही राज्य सरकार जनजातीय आस्था केंद्रों को जोड़कर बनाया जा रहा पर्यटन सर्किट : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा







● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। प्राचीन समय से ही भारत भव्य और दिव्य मंदिरों की भूमि रहा है और इन मंदिरों के जरिए हमारी आध्यात्मिक कीर्ति दुनियाभर में फैली है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से देश में सनातन संस्कृति को एक नई ऊर्जा मिल रही है तथा उन्हीं के कर कमलों से पिछले साल अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और अयोध्या नगरी फिर से अध्यात्म और सनातन संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में सनातन संस्कृति के भव्य संगम के माध्यम से हमारी आध्यात्मिक उन्नति का संदेश भी पूरी दुनिया में पहुंचा है। शर्मा रविवार को डूंगरपुर के खेरमाल में श्री जाम्बुखंड भैरवजी मंदिर जीर्णोद्वार महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर की पूरी धरती भक्ति और अध्यात्म की पावन घरा है। वागड़ के प्रमुख तीर्थों में से एक स्वयंभू श्री जाम्बुखंड भैरव जी मंदिर यहां के निवासियों के लिए सदियों से आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है तथा आज का यह पावन अवसर भारत की सनातन संस्कृति के उत्थान का ही एक हिस्सा है।

### प्रधानमंत्री के विकास भी और विरासत भी के मूलमंत्र को आगे बढ़ा रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काशी में बाबा विश्वनाथ धाम व उज्जैन के महाकाल के महालोक का निर्माण के साथ ही सोमनाथ और केदार घाटी का पुनर्निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के विकास भी और विरासत भी के इसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ा रही है तथा प्रदेश में हमारी सरकार भी आस्था धामों का कायाकल्प करने का काम कर रही है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में जनजातीय आस्था के केंद्र त्रिपुरा सुंदरी, मानगढ़ धाम, बेणेश्वर धाम, सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृकुंडिया आदि को शामिल कर जनजातीय पर्यटन सर्किट विकसित करने घोषणा की है।

### वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग व एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा की मिलेगी सुविधा

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या, काठमांडू में पशुपतिनाथ और अन्य तीर्थस्थलों की यात्रा करवा रही है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के बजट में इस योजना के अन्तर्गत आगामी वर्ष में 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से और 50 हजार वरिष्ठजनों को एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। इसी तरह बजट में राज्य और राज्य के बाहर के देवस्थान विभाग के मंदिरों के स्वरूप को निखारने के लिए 161 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य सरकार ने मंदिरों में भोग की राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये और पुजारियों के मानदेय को बढ़ाकर 7 हजार 500 रुपये प्रतिमाह किया है। साथ ही, हमारी सरकार खाटूश्याम जी मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये के कार्य करवा रही है। इसी तरह लगभग 600 मंदिरों में विभिन्न अवसरों पर विशेष साज-सज्जा और आरती कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हमारी सरकार गौतमेश्वर मंदिर, अरनोद प्रतापगढ़, करणी माताजी मंदिर एवं नीमच माताजी मंदिर उदयपुर जैसे बहुत से मंदिरों में विकास कार्य करवा रही है। पुष्कर (अजमेर) में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर और सरोवर परिक्रमा मार्ग एवं रणछोड़राय खेड तीर्थ (पचपदरा) जैसे अनेक तीर्थों का कायाकल्प कर रही है।

### आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित राज्य सरकार

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी संस्कृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जनजाति के नायकों की पहचान स्थापित करने के लिए उदयपुर में कालीबाई भील, बांसवाड़ा में बांसिया चरपोटा और डूंगरपुर में डूंगर बरंडा स्मारक का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजाति के बच्चों हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों का मैस भत्ता 2 हजार 500 से बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह, खेल अकादमियों में रह रहे खिलाड़ियों का भत्ता 2 हजार 600 से बढ़ाकर 4 हजार रुपये किया है। इसी तरह आदिवासी क्षेत्रों में 7 नए आश्रम छात्रावासों और 3 नए आवासीय विद्यालयों के निर्माण करवाये जा रहे हैं। हमारी सरकार ने मां-बाड़ी केंद्रों में कार्यरत रसोइयों और शिक्षकों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है और 250 नए मां-बाड़ी केंद्र स्वीकृत किए हैं।

### राज्य सरकार ने वागड़ के विकास को दी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि डूंगरपुर सहित प्रदेश के 15 शहरों में रिंग रोड का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी और आसपास के इलाके का भी विकास होगा। इसी तरह डूंगरपुर के लोगों की मांग के अनुरूप जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालय के निर्माण के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है तथा इसके साथ ही बालिकाओं के लिए महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोम-कमला अंबा बांध से मानसून के सरप्लस पानी को मोरेन नदी बेसिन सहित अन्य बांधों तक पहुंचाने के लिए उच्च स्तरीय रिचार्ज नहर का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, मोरन नदी को पुनर्जीवित कर खड़गदा गांव के विकास और गौरेश्वर महादेव एवं नीलकंठ महादेव मंदिरों का स्वरूप निखारने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नजदीक ही मंडी में उचित दाम पर उपज बेचने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सीमलवाड़ा में कृषि उपज मंडी खोली जाएगी।

### युवाओं के सपनों को पूरा कर रही राज्य सरकार

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा, किसान, महिला एवं गरीब के रूप में देश की चार जातियों को उल्लेख किया है। हमारी सरकार इन चार जातियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के लिए एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है और अब तक लगभग 60 हजार युवाओं को नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी है। साथ ही, आगामी भर्तियों के लिए परीक्षा कलेण्डर भी निर्धारित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समयबद्ध एवं पारदर्शी माध्यम से भर्ती परीक्षाओं के आयोजन सुनिश्चित करते हुए युवाओं के सपनों को पूरा कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पहाड़ी पर स्थित भैरव जी मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पीठाधीश्वर बेणेश्वर धाम साबला हरि मंदिर महंत अच्युतानंद महाराज, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, विधायक शंकर डेचा, श्रीचंद कृपलानी, उदय लाल डांगी, शांता मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**जयपुर में दो मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार, 9 मोबाइल रिकवर**

## पकड़े गए दोनों बदमाश आदतन अपराधी, पहले भी हो चुके गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने आज दो शातिर मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से लूटे गए 8 मोबाइल फोन रिकवर किए हैं। गिरफ्तार हुए दोनों बदमाश जयपुर सिटी में दर्जनों मोबाइल लूट की वारदात कर चुके हैं। दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस के हाथ इन का एक नाबालिग साथी भी लगा जिसे पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया हैं। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया- जिले में हो रही मोबाइल लूट की बढ़ती वारदातों को देखते हुए सभी थानाधिकारियों को आदतन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आदेश जारी किए। इस पर आदतन और एक्टिव बदमाशों पर मैन टू मैन नजर रखी गई। इस पर पुलिस के हाथ दो बदमाश लगे पूछताछ में बदमाशों ने शहर में अन्य कई मोबाइल लूट की वारदात करना कबूल लिया। इस पर पुलिस ने दोनों बदमाश अभिषेक जाटव उर्फ अभि उर्फ विवेक (19) पुत्र रामपाल जाटव निवासी ग्राम नीवालपुर जिला फरुखाबाद उत्तरप्रदेश हाल निवासी माल की ढाणी बाजणी तलाई सांगानेर पुलिस थाना मुहाना और कृष्णा पाल(19) पुत्र प्रवेश पाल गुर्जर निवासी ग्राम नंगला खेरवान जिला फरुखाबाद उत्तरप्रदेश हाल किरायेदार श्याम क्लिनिक के ऊपर नारायण विहार मुहाना मोड पुलिस थाना मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस के हाथ एक नाबालिग भी लगा जो इस गैंग का सक्रिय सदस्य हैं,जिसे बाल सुधार गृह भिजवा दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कई मोबाइल लूट के मुकदमे हैं,आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।

## जयपुर में पुलिस बनकर किडनैप-लूट करते थे बदमाश, फिरौती भी मांगते, नहीं देने पर लात-घूंसों से पीटते, कई विभागों के फर्जी आईकार्ड मिले







● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** जयपुर में साइबर पुलिसकर्मी बनकर लोगों को ठगने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गैंग के सरगना सुशील उर्फ काशीराम मीणा सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस को इनके ऑफिस, घर और कार से इनकम टैक्स अधिकारी, जीएसटी अधिकारी, नेशनल एंटी करप्शन समूह विभागों के फर्जी आईडी कार्ड मिले हैं। तीनों बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया- 24 फरवरी को भोला मीणा निवासी सवाई माधोपुर ने रिपोर्ट दी कि 23 फरवरी को उसके बेटे रामवतार मीणा को 3 बदमाश त्रिवेणी नगर में अयोध्या नगर स्थित घर से उठा कर ले गए थे। वह अपने आप को साइबर पुलिसकर्मी बता रहे थे। आस-पास के थानों में पता किया तो इस प्रकार की कोई घटना सामने नहीं आई। भोला मीणा ने बताया- रात में करीब 11.30 बजे रामवतार का फोन आया। उसने कहा- ये मुझे पीट रहे हैं। 40 हजार खाते में डालने के लिए बोल रहे हैं। इसके बाद बदमाशों ने फोन बंद कर दिया। 24 तारीख को सुबह बदमाशों ने फोन कर 10 लाख रुपए की डिमांड की। बदमाश बोले- पैसा नहीं दिया तो बेटे को दिल्ली ले जाकर गिरफ्तार करेंगे। शिप्रापथ थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

### पीड़ित फोन कर बोला- बदमाशों ने छोड़ दिया

पुलिस ने बताया- कुछ देर बाद रामवतार ने अपने पिता को फोन किया और कहा कि उसे बदमाशों ने छोड़ दिया है। वह कमरे पर आ गया है। इस पर शिप्रा पथ थाना पुलिस भी कमरे पर पहुंची। रामवतार ने बताया- तीन लोग थे, जो खुद को पुलिस वाले बता रहे थे। बदमाशों ने उसके साथ बेल्ट और लात-घूंसों से मारपीट की। एटीएम, फोन पे, पेटीएम, गूगल पे के पिन ले लिए। खाते से जबरदस्ती 23 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। तीनों लोग नीले रंग की गाड़ी में उसे लेकर गए थे। उसे शिवदासपुरा टोल के आगे खटाणा पैलेस होटल में ले गए थे।

### सीसीटीवी से जानकारी जुटाई

रामवतार के बताए अनुसार पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी और वारदात में शामिल बदमाशों की जानकारी सामने आई। पुलिस ने बदमाशों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकालकर उस पर काम करना शुरू किया। इसके बाद सुशील कुमार (27) पुत्र मेघराज मीणा निवासी ग्राम बामनवास पट्टी खुर्द, आलोक कुमार (27) पुत्र आत्माराम मीणा निवासी बोढा मोहल्ला, बामनवास, धीरज कुमार मीणा उर्फ डीके (23) पुत्र बनवारी लाल मीणा निवासी सुरवाल, ग्राम पंचायत बामनवास (सवाई माधोपुर) को बापर्दा गिरफ्तार किया। तीनों जयपुर के प्रतापनगर स्थित गणेश विहार कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रह रहे थे।

### गिरफ्तार तीनों बदमाशों ने पूछताछ में किए खुलासे

गिरफ्तार बदमाशों ने पूछताछ में बताया- किडनैप की वारदात का प्लान तीनों ने मिलकर बनाया था। शहर की भीड़भाड़ वाली जगहों पर चाय की थड़ियों पर बैठकर अपने आप को इनकम टैक्स अधिकारी और साइबर पुलिस अधिकारी बताकर लोगों से जानकारी एकत्रित करते थे। इसके बाद टारगेट को चुनकर उसकी रेकी करते और मौका देख गाड़ी में बैठाकर सुनसान जगह पर ले जाते। फिर खुद को पुलिसकर्मी बताकर जेल भेजने के नाम पर घरवालों से रुपए मंगवाते थे। पैसा नहीं देने पर मारपीट करते थे। पैसा मिलने पर उसको छोड़ देते थे।

## आरोग्य मेले का जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण

● पदमावत मीडिया




**जयपुर ।** राजस्थान सरकार के आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी चिकित्सा के द्वारा राज्य स्तरीय आरोग्य मेला-2025 शिल्प ग्राम, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में आज दूसरे दिन जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विभिन्न पैथियों से दी जा रही चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया। मेले में दूसरे दिन तक लगभग 9430 लोग लाभान्वित हुए, जिनमें आयुर्वेद चिकित्सा, सौंदर्य प्रसाधन, अग्निकर्म, स्वर्णप्राशन, जलौका, न्यूरोपैथी, ऑस्टियोपैथी, जरावस्था, होम्योपैथी चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, प्रकृति परीक्षण, नाडी परीक्षण, इलेक्ट्रोपैथी आदि सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध है। आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं मेले के नोडल अधिकारी डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि आयुर्वेद निदेशक, डॉ. आनन्द शर्मा के आतिथ्य में रविवार के व्याख्यान में डॉ. चंचल शर्मा, इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, आशा आयुर्वेद, नई दिल्ली द्वारा बन्ध्यत्व कारण एवं निवारण पर व्याख्यान हुआ तथा द्वितीय सत्र में डॉ रवि गोगिया, अग्निकर्म विद्ध कर्म विशेषज्ञ द्वारा अग्निकर्म एवं विद्ध कर्म का प्रत्यक्ष प्रयोग एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## रक्तदान शिविर में 101 रक्तवीरों ने रक्तदान किया

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** स्वर्गीय भवानी शंकर शर्मा व स्वर्गीय रेवती देवी शर्मा की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता डॉ. मनोज शर्मा ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय भवानी शंकर शर्मा व स्वर्गीय रेवती देवी शर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर की गई। इस शिविर में 101 रक्तवीरों ने रक्तदान किया और अन्य युवाओं को भी अधिक से अधिक रक्तदान करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके रविन्द्रपाल सिंह कप्पू, शहर कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष फ़तह सिंह राठौड़, लालशंकर शर्मा, नारायण शर्मा, किशोर शर्मा, डॉ. अपेक्षा शर्मा, जोनी चौधरी, इन्द्रजी रामिजा, उदयपुर बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अजय आचार्य, सुविवि के पूर्व अध्यक्ष भवानी शंकर बोरीवाल, हिमांशु बागडी, लॉ कॉलेज पूर्व अध्यक्ष गौरव जैन, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव मानव चौधरी, अभिषेक चंदेल, हार्दिक कृपलानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**विधानसभा अध्यक्ष ने किया 88 लाख रूपए की सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ**

## बजट में मिली खूब सौगातें, अजमेर का होगा विकासः देवनानी

● पदमावत मीडिया



**अजमेर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान के बजट में अजमेर को बहुत सारी सौगातें मिली हैं। बजट की क्रियान्विती से अजमेर विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। दो साल के बजट में अजमेर का विशेष ध्यान रखा गया है। आने वाले समय में अजमेर राज्य के प्रमुख शहरों की कतार में खड़ा होगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को वार्ड संख्या- 80 में गणपति नगर से सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर एवं अलखनन्दा कॉलोनी से एमपीएस स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। बजट घोषणा में 88 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री देवनानी ने कहा कि प्रदेश के दूसरे बजट में अजमेर को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली है। इन कामों से अजमेर विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। आने कुछ समय में अजमेर राज्य के अग्रणी शहरों की कतार में खड़ा होगा। अजमेर का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि देश के सभी बड़े शहरों में भारी वाहनों के शहर से बाहर से ही निकल जाने के लिए रिंग रोड है। हमारा प्रयास था कि अजमेर में भी रिंग रोड का निर्माण किया जाए। इस बार बजट में रिंग रोड की डीपीआर तैयार करने के लिए 3 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है। जल्द ही इसकी विस्तृत योजना तैयार की जाएगी। इसी तरह अन्य बजट घोषणाएं भी अजमेर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर में आमजन को आसानी से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में स्पीकर हैल्प डेस्क की स्थापना की गई है। अब तक हजारों लोगों को इस डेस्क के माध्यम से अस्पताल में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। अस्पताल में एक रूपए में मरीज के परिजनों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद धर्मेन्द्र चौहान, जातवेद सोनी, दिव्य प्रकाश पण्डित, संकेत वर्मा, पुष्पा पंवार, कुलदीप गहलोत, नीरज पारीक एवं औंकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- तस्करों की 5 करोड़ की सम्पत्ति फीज : कुख्यात तस्कर शोएब खान और उसके पिता वकील खान ने अवैध मादक पदार्थो की कमाई से अर्जित की थी सम्पत्ति
- भोपाल की फैक्ट्री से 1800 करोड़ की ड्रग्स जब्ती के साथ प्रतापगढ़ जिले में भी वांछित है तस्कर शोएब




पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** प्रतापगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर कुख्यात तस्कर शोएब खान और उसके पिता वकील खान द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित की गई 5 करोड़ रुपए कीमत की चल एवं अचल संपत्ति को फ्रीज कराने में सफलता हासिल की है। भारत सरकार की ओर से अधिकृत कंपिटेन्ट ऑथोरिटी व एडमिनिस्ट्रेटर सफेमा (एफओपी) एण्ड एनडीपीएस एक्ट नई दिल्ली द्वारा फ्रीजिंग आदेश को स्थाई करते हुए एप्रुव कर दिया है। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि 6 मार्च 2024 को प्रतापगढ पुलिस ने नाकाबंदी में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों के पास से 345 ग्राम एमडीएमए ड्रग बरामद की थी। इस मामले में अनुसंधान के दौरान जब्त एमडीएमए ड्रग की खरीद फरोख्त मे वकील खान और शोएब खान निवासी देवल्दी थाना अरनोद की संलिप्तता पाई गई। पुलिस टीम ने वकील खान को 19 दिसम्बर,2024 को गिरफ्तार कर लिया था, शोएब खान फरार है। इसी दौरान एनसीबी भोपाल के द्वारा भोपाल शहर मे एक फैक्ट्री मे 1800 करोड़ की एमडी ड्रग्स जब्त की थी। इस मामले मे भी आरोपी शोएब खान संलिप्त रहा था। एसपी बंसल ने बताया कि प्रकरणों की गंभीरता के आईजी उदयपुर रेंज राजेश मीना के निर्देशन एवं स्वयं के मार्गदर्शन में अभियुक्त वकील खान व शोएब खान द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित की गई सम्पतियों के बारे मे वित्तीय जांच के लिये एसएचओ अरनोद हजारी लाल के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा इस संबंध में वित्तीय जांच कर अवैध सम्पतियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया। जांच में पाया कि अभियुक्त वकील खान द्वारा अपने पुत्र शोएब खान के नाम पर गांव सिगंपुरिया माताजी में 0.76 हैक्टेयर कृषि भूमि, प्रतापगढ शहर में आरएसईबी के कार्यालय के पास 786.25 वर्गफीट व 728.75 वर्गफीट के दो प्लॉट, 1 डस्टर गाडी और स्वयं के नाम पर 1 स्कार्पियो क्लासिक एस11 एसयूवी गाड़ी खरीदी है। इन सम्पतियों का बाजार मूल्य करीब 5 करोड़ रूपये है। वित्तीय जांच के उपरांत अभियुक्तों की चल/अचल सम्पति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ(1) के तहत् फ्रीज करवाये जाने का प्रस्ताव कंपिटेन्ट ऑथोरिटी व एडमिनिस्ट्रेटर सफेमा नई दिल्ली को पेश किया गया। कंपिटेन्ट ऑथोरिटी द्वारा अभियुक्तों को अपना पक्ष रखने के दो अवसर प्रदान किये गये।

दोनों पक्षों की सुनवाई के उपरांत 17 फरवरी को कंपिटेन्ट ऑथोरिटी द्वारा अभियुक्तों की चल/अचल सम्पति को फ्रीज किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन करते फ्रीजिंग के निर्देश दिए। इसके बाद जिला पुलिस ने देवल्दी गांव में आरोपियों के निर्माणाधीन मकान, सिंगपुरिया माताजी में स्थित 0.76 हैक्टेयर कृषि भूमि तथा प्रतापगढ शहर में स्थित 786.25 वर्गफीट और 728.75 वर्गफीट के 2 व्यावसायिक भूखण्ड को फ्रीज कर बोर्ड लगवा कर संबंधित को आदेश की तामील करवा सूचित किया गया। डस्टर कार व स्कॉर्पियों गाड़ी को फ्रीज किया गया है। एसपी बंसल के निर्देशन में लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों, तस्करों को संश्रय देकर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर मदद करने वालों व वाणिज्यिक मात्रा मे मादक पदार्थ तस्करी करने मे लिप्त अपराधियों के द्वारा तस्करी की आय से अर्जित सम्पतियों को जब्त करने की कार्यवाही जारी रहेगी।

# ज्योति अब ज्वाला बनेगी अभियान को लेकर बैठक का किया आयोजन



पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** शहर के गायत्री शक्तिपीठ में ज्योति अब ज्वाला बनेगी अभियान के तहत ज्योति कलश यात्रा की व्यापक तैयारी और कार्ययोजना को मूर्त रूप देने हेतु बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में शांतिकुंज हरिद्वार के महेन्द्र मोहन पारीक ने बताया कि वर्ष 2026 में बसंत पंचमी की गायत्री साधना के सूत्रधार पं. श्रीराम आचार्य द्वारा प्रज्ज्वलित अखण्ड दीप को अपने साधना कक्ष में हिमालय से लाकर स्थापित किया। उसका शताब्दी वर्ष हैं। साथ ही भगवतीदेवी शर्मा का भी जन्म शताब्दी वर्ष हैं। उनकी साधना की दिव्य ऊर्जा के संचार व ज्ञानप्रकाश को देश के हर घर में पहुंचाने के उद्देश्य से इस यात्रा का जिले में शुभ आगमन हो रहा हैं । उसके मंगल प्रवेश पर हर गांव, गली, मोहल्ले में इस ज्योति कलश यात्रा का विचरण होगा। इस हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में महेश व्यास ने विस्तृत कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधु-संतों और महापुरुषों के अनवरत दिव्य साधना के फलस्वरूप भारत वर्ष में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा हैं।यह युग परिवर्तन और सकारात्मक माहौल बनने का संकेत हैं। इस अवसर पर नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार माणकमल भंडारी एवं मुकेश सोलंकी का बहुमान किया गया।बैठक में सज्जनसिंह दूठवा, करणसिंह सेवड़ी, राणमल शर्मा, जोगाराम पटेल, हरिकृष्ण द्विवेदी, मोतीलाल सोलंकी, जसराज सुथार, दिलीप सोनी, कोलचंद सोनी, जेठाराम माली, नरेन्द्रआचार्य, जयरूपाराम माली, चतुर्भुज राठी, कन्हैयालाल खंडेलवाल, नरपतसिंह आर्य, हीरालाल सोलंकी, रमेशचंद्र अग्रवाल, मफ़ाराम माली, मनोहरसिंह, निरंजन बोहरा, मंछाराम, प्रताप पुरोहित सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में किया भ्रमण

## अधिकारियों को पर्यटकों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



पदमावत मीडिया

**भरतपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण किया। उन्होंने उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट तक जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के साथ पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उद्यान में भ्रमण कर रहे देशी-विदेशी पर्यटकों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। शर्मा ने भी पर्यटकों से आत्मीयता से बातचीत कर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों की प्रजाति की विविधता के लिए देश और विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, इसलिए जिला प्रशासन यहां आने वाले पर्यटकों के लिए संचालित सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। शर्मा ने राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट पर केवलादेव शिव मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और आमजन की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने किया रेलमंगरा मंडल के विभिन्न पंचायतों का दौरा

पदमावत मीडिया



**राजसमंद।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नि देवी जाट ने आज नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के रेलमंगरा मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनके समस्याओं को सुना और विकास कार्यों का शुभारंभ किया। साँसेरा ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास और सामुदायिक सराय निर्माण का लोकापर्ण सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नि देवी जाट ने ग्राम पंचायत साँसेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इस केंद्र से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और ग्रामीणों को दूर-दराज के अस्पतालों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नि देवी जाट ने सामुदायिक सराय के निर्माण का भी लोकापर्ण किया। यह सराय ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करेगा। इस दौरान, सभी नेताओं ने जलदेवी माता जी के कार्यों का अवलोकन किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

**चराना ग्राम पंचायत में जन सुनवाई:** इसके बाद, सांसद और विधायक ने ग्राम पंचायत चराना में जन सुनवाई कार्यक्रम में शिरकत की । इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने अपनी समस्याएं साझा की। स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए, सभी नेताओं ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

**धनेरिया ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का उद्घाटन और जन सुनवाई**

ग्राम पंचायत धनेरिया में सांसद, विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान, उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य योजना बनाई सांसद महिमा कुमारी, विधायक विश्वराज सिंह ने जन सुनवाई भी की और लोगों के समस्याओं को सुना। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। इस दौरान धनेरिया ग्राम पंचायत में सीसी सड़क और महिला स्नानघर का लोकापर्ण, साथ ही विश्रांति घर और श्मशान घाट का शिलान्यास भी किया गया। इन विकास कार्यों से क्षेत्र की महिलाओं और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। ग्रामीणों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन विस्तार में आरही समस्याएं, नई रोडवेज बस सुविधा की माँग, पर्याप्त बिजली के लिए जीएसएस बनाना, तालाब की सफ़ाई जैसे कई मुद्दों को विधायक एवं सांसद के सामने रखा गया। सांसद महिमा कुमारी एवं विधायक विश्वराज सिंह ने सभी मुद्दों पर संज्ञान लिया और संबंधित विभागों से शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## सीए वॉलीबाल लीग 2025 का आयोजन

# चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ने खेला वॉलीबाल लीग और सितोलिया टूर्नामेन्ट

पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान की उदयपुर शाखा की ओर से पुलां स्थित स्पोंट एकेडमी में सीए वॉलीबाल लीग 2025 का आयोजन किया गया। उदयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि सीए वॉलीबाल लीग 2025 के लीड स्पोन्सर मैसर्स ओ.पी.चपलोत एडं कम्पनी के सीए महावीर चपलोत है। वॉलीबाल लीग 2025 में पांच मुख्य टीम्स सी.एल. ओस्तवाल से सीएलओ चैलेन्जर्स, मोगरा ग्रुप से मोगरा स्ट्राइकर्स, डी.के.कल्ला एडं कम्पनी से कल्ला टाइटन्स, सत्यम एसवीजी एंड कम्पनी से एसवीजी स्माशर्स, लोकनाथ लिगल एंड मेनेजमेन्ट कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड से एमएनआर यूनीकोर्नस टीम्स ने भाग लिया। सीए वॉलीबाल लीग 2025 के कॉर्डीनेटर सीए रौनक शुक्ला, सीए विजय मेनारिया, सीए निखील चितौड़ा एवं सीए नरेश सुथार रहे। शाखा उपाध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने बताया की इन सभी टीमों के खिलाड़ीयों के लिए पूर्व ऑक्शन किया गया। शाखा सचिव सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी ने बताया कि इसी श्रृखंला में शनिवार 1 मार्च को वूमेन मेम्बर्स के लिए सितोलिया टूर्नामेन्ट भी खेला गया। इस इवेन्ट के स्पोन्सं अर्जुन बाग रिसोर्ट है और सितोलिया टूर्नामेन्ट में मुख्य अतिथि डॉ. उर्वशी राठौड़ एवं पूजा चुण्डावत थे। सितोलिया टूर्नामेन्ट के कॉर्डिनेटर सीए अंकुश जैन, सीए नेहा भाटिया व सीए कर्निका नागोरी थे। सीए वॉलीबाल लीग 2025 की विजेता टीम, एसवीजी स्मैशर्स रही और रनरअप टीम क्लो चैलेंजर्स रही । सितोलिया की विजेता टीम बटरफ्लाई रही व रनरअप टीम स्टाइलिश साईरन रही। दोनो विजेता टीम को नकद पुरूस्कार दिए गए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा, सीकासा अध्यक्ष सीए कपिल कुमार जोशी, सीकासा सदस्य सीए अरूणा गेलड़ा, सदस्य अंशुल कटेजा, पूर्व शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन, सीए अभिषेक संचेती एवं सीए मनीष नलवाया उपस्थित रहे।

# उदयपुर के सभी व्यापारियों के लिए विशेष वर्कशॉप मैं भी हीरो 5 मार्च को: मुकेश माधवानी

पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** बिजनेस नेटवर्किंग ग्रुप बिजनेस सर्कल इंडिया उदयपुर के सभी तरह के व्यापारियों के लिए एक खास वर्कशॉप मैं भी हीरो लेकर आ रहा है। यह वर्कशॉप 5 मार्च को, 100 फीट रोड शोभागपुरा स्थित अशोका पैलेस में शाम 4 बजे से होगी। इस वर्कशॉप में प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट और प्रभात सैलून के संस्थापक अशोक पालीवाल व्यापारियों को हेयर ग्रूमिंग, पर्सनल ग्रूमिंग और पर्सनालिटी डेवलपमेंट से जुड़ी अहम बातें सिखाएंगे। बिजनेस सर्कल इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि आज के दौर में सफलता सिर्फ बिजनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति की पर्सनालिटी और आत्मविश्वास भी मायने रखता है। उन्होंने बताया कि यह वर्कशॉप उन व्यापारियों के लिए खास होगी जो अपने व्यवसाय के साथ-साथ अपनी पर्सनालिटी को भी निखारना चाहते हैं। इस वर्कशॉप के जरिए उदयपुर के व्यापारी खुद को और बेहतर बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह वर्कशॉप पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें सभी व्यापारी भाग ले सकते हैं।

# बीएन फार्मेसी के फार्मडी छात्रों के लिए 7 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण जम्मू और कश्मीर में संपन्न

पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** स्थानीय बी एन कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के अधिष्ठाता डॉ युवराज सिंह सारंगदेवोत ने बताया कि 56 फार्मडी के छात्रों के लिए 7 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण 21 फरवरी से 27 फरवरी तक कॉलेज के फैकल्टी डॉ कमल सिंह राठौड़, डॉ भक्तराज सिंह चौहान, डॉ ऋषि माहेश्वरी, और डॉ दृष्टि चौहान के नेतृत्व में जम्मू और कश्मीर में संपन्न हुआ। इस भ्रमण में छात्रों ने नई दिल्ली, श्रीनगर, गुलमार्ग, सोनमर्ग, पहलगाम के साथ-साथ एमक्योर फार्मा के औद्योगिक प्लांट का भी भ्रमण किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को फार्मास्यूटिकल उद्योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना था। छात्रों ने एमक्योर फार्मा के प्लांट में फार्मास्यूटिकल उत्पादन की प्रक्रिया को देखा और समझा। इसके अलावा, छात्रों ने कश्मीर की सुंदरता का भी अनुभव किया। उन्होंने श्रीनगर के डल झील, बॉटनिकल गार्डन, गुलमार्ग की बर्फीली चोटियों, सोनमर्ग की हरी-भरी घाटियों, बर्फ़ीले खेलों और पहलगाम के अरु, बेताब और चंदनबाड़ी की प्राकृतिक घाटियों के सौंदर्य का आनंद लिया. इस शैक्षिक भ्रमण के लिए यूनिवर्सिटी कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह ने कहा, ÷हमें छात्रों को फार्मास्यूटिकल उद्योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करने में खुशी हुई। हमें उम्मीद है कि यह भ्रमण छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव होगा और उन्हें अपने भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।÷ इस शैक्षिक भ्रमण में भाग लेने वाले छात्रों ने कहा, ÷यह भ्रमण हमारे लिए एक अद्भुत अनुभव था। हमें फार्मास्यूटिकल उद्योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने का अवसर मिला और हमें कश्मीर की सुंदरता का भी अनुभव करने का मौका मिला।÷ इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान, छात्रों ने एमक्योर फार्मा के विशेषज्ञों डॉ सुनील कुमार प्लांट हेड और डॉ ऋषिकेश सिंह एचआर हेड से भी बातचीत की, जिन्होंने उन्हें फार्मास्यूटिकल उत्पादन की प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और फार्मास्यूटिकल उद्योग में नवाचार के बारे में जानकारी प्रदान की। छात्रों प्रियांशु, जयंत और मेहुल ने कहा कि यह भ्रमण उनके लिए बहुत उपयोगी था और उन्हें फार्मास्यूटिकल उद्योग में अपने भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस अनुभव को कभी नहीं भूलेंगे और इसे अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में याद रखेंगे। संस्थान के मंत्री डॉ महेंद्र सिंह आगरिया ने कहा कि वे छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

# रामप्रेम महाराज का देवलोकगम, डोल यात्रा आज सुबह 9 बजे

पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** आचार्य राम लाल महाराज की आज्ञानुवर्ती महासती रामप्रेम महाराज (उदयपुर वालो) का देवलोकगमन रविवार हो गया था। महासती जी का संथारा रविवार शाम को 6:45 पर सीज गया था। डोल यात्रा सोमवार सुबह 9 बजे आचार्य नानेश ध्यान केंद्र, सुंदरवास से अशोक नगर मोक्षधाम जायेगी। श्री साधुमार्गी जैन संघ, उदयपुर के अध्यक्ष सागर गोलछा ने बताया कि 6 जनवरी 2025 को ग्लास फेक्ट्री , सुन्दरवास, उदयपुर निवासी प्रेमदेवी बडालमिया को उनकी सहमति से दीक्षा अंगीकार करने के भाव जागृत होने पर परम पूज्य आचार्य प्रवर रामलाल महाराज की विशेष आज्ञा से 13 जनवरी को आचार्य नानेश ध्यान केन्द्र परिसर मे महासती कमल महाराज आदि ठाणा के सान्निध्य मे दीक्षा महोत्सव का आयोजन हुआ। मुमुक्षु की स्वैच्छिक सहमति एवं परिवारजन, सुन्दरवास संघ, साधुमार्गी जैन संघ व उपस्थित समस्त सदस्यों की सहमति एवं साक्षी में दीक्षा विधि संपन्न हुई। नवीन नामकरण के साथ उक्त दिवस से आप साध्वी रामप्रेम महाराज के नाम से जीन शासन की भव्य प्रभावना कर रहे थे ।विराजित महासतीयां जी म सा नवदीक्षिता संथारा साधिका महासती जी म सा के मनोरथ लक्ष्य मे सहभागी बन अनुठी सेवा कर रहे थे।

## ब्रह्माकुमारी राज योग केन्द्र द्वारा शिव जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित किया भव्य कार्यक्रम

# तीर्थानन्द महाराज ने बताये नारी के चार स्वरूप

पदमावत मीडिया



**भीनमाल ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय प्रभु वरदान भवन में 89 वीं शिव जयन्ती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाण्डादेवल के महन्त तीर्थानन्द ब्रह्मचारी महाराज, अध्यक्षता राजयोगी ब्रह्माकुमारी डा?. गीता बहन एवं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी उपस्थित रहे । सर्वप्रथम अतिथियों का दुपट्टा, शा?ल व ईश्वरीय सौगात प्रदान कर स्वागत किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत् कार्यक्रम की शुरुआत की गई । राजपुरोहित ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि शिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुझे आमन्त्रित कर स्वागत करने एवं बोलने का अवसर दिया । इसके लिए में गीता बहन का आभारी हूँ । उन्होंने शिवरात्री की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर प्रकार की मदद के लिए मैं तत्पर रहूँगा । ब्रह्माकुमारी गीता बहन ने अपने उद्बोधन में शिव कौन उनके गुणवाचक नाम, उनके कर्तव्य, समस्त जीवों के कल्याणकारी, उनके ऊपर चढ़ने वाले पदार्थो का, व्रत, जागरण एवं सच्चे दिल की भक्ति आदि का आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए समस्त वैरभाव का त्यागकर मानवमात्र से सच्चा प्रेम करते हुए अपने तन, मन, और धन से सेवा करने का आव्हान किया ।अपने मन, वचन और कर्म से किसी को कष्ट पहुंचाए बिना सबके प्रति शुभभावना व शुभकामना रखते हुए सबका कल्याण करना ही सच्ची शिवरात्री मनाना है । कहा गया है कि जब बुद्धि का नाश होता है तो सर्वनाश होता है । आज डिजिटल के नाम पर लोगों का व्यवहार एवं कर्म क्या क्या गुल खिला रहा है । ऐसा लगता है कि दुनिया अब ज्यादा चलने वाली नहीं है । आओ हम सब मिलकर यह प्रतिज्ञा करे कि हम अपने दुर्गुणों का त्यागकर अपने जीवन को सद्गुणों से सजाए । यही सच्ची शिवरात्रि मनाना होगा । तीर्थानन्द महाराज ने अपना आशीर्वाद देते हुए बताया कि शिव ही सभी पिताओं का पिता है । शिव शक्ति के बिना मानव शव है । उन्होंने कहा कि शक्ति का नारी के रुप में चार स्वरुप है कन्या, देवी, मा? और दुर्गा । हम सब इन चारों स्वरुपों की पुजा करते है । मा? को ही पहला गुरु माना गया है । अपने घरो में बैठी नारियों का सम्मान करना और उन्हें खुश रखना ही शिव को प्रसन्न करना है । विशिष्ट अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा की जा रही 35 वर्षो की सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए सेवाकार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की । नैनाराम चौहान द्वारा मेहमानों व आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । अन्त में शिवरात्रि के निमित्त शिवबाबा को भोग स्वीकार करवाया गया । शिव के जन्मदिन का केक काटा गया । शिव ध्वजारोहण किया गया । शिवध्वज के नीचे प्रतिज्ञा करते हुए वरदान प्राप्त किया गया । इस अवसर पर नरिंगाराम पटेल, भरतसिंह भोजाणी, बी के राजवीर भाई, नारायण जीनगर, मुकेश प्रजापत, गणेश प्रजापत, लक्ष्मण भजवाड़, कालुभाई, पारस डायमण्ड, सांवलाराम माली, मोहन भाई, अर्जुनभाई, दलाभाई, जोगाराम चौधरी, राजकंवर भंडारी, बी के सुनिता, बीके मालती, बीके अंजलि, बीके कीर्ति, शारदा बहन, कुमुद माता, कुमारी दिया, कुमारी नैना सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

# अक्षय वट हिन्दू, सनातन जैन आदि धर्म में है आस्था का केंद्र

## यह भगवान आदिनाथ के केवल ज्ञान का प्रतीक है



● पदमावत मीडिया

**इंदौर (ओम पाटोदी)।** हाल ही में भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अवसर पर तीन डाक टिकट का सेट जारी किया जिसमें महार्षि भारद्वाज आश्रम, कुंभ स्नान और अक्षय वट को प्रदर्शित किया गया है। ये तीनों डाक टिकट 5 रूपए मूल्य वर्ग के है वहीं ये डाक टिकट आयताकार चौकोर न होते हुए (वृताकार) गोल है।

विदेशी दार्शनिको ने किया अक्षय वट का जिक्र उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि अक्षय वट जो कि विभिन्न धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक माना जाता है। हिन्दू जैन पुराणों में इसका उल्लेख मिलता है वहीं विदेशी पर्यटकों, दार्शनिको आदि ने अपने भारत यात्रा वृत्तांत में इसके बारे में रोचक जानकारियां प्रस्तुत की है।

### कई बार इसे नष्ट करने की हुई कोशिश

मुगल बादशाह अकबर जब प्रयागराज आया तब उसने यहां क़िला बनवाया उस समय इस वटवृक्ष के प्रति आस्था को देखते हुए इसको अपने किले के अन्दर ले लिया परन्तु लोगों की आस्था को डिगा नहीं पाया। वहीं जाहंगीर ने तो आस्था पर इतना प्रहार किया कि उसने इस वृक्ष को समूल नष्ट करने के लिए इसको जला दिया और तो और उस जगह को लोहे की प्लेटों से ढकवा दिया परन्तु आश्चर्य कि उसकी राख में से पुनः कपोलें फुट गई और यह वृक्ष पुनः अपने अस्तित्व के साथ लहलहाते हुए आताताईयो को चिढ़ाता रहा है।

### आदि तीर्थंकर श्र आदिनाथ जी से सम्बंध रहा है


हिन्दू पुराण कथाएं दावा करती हैं कि यह वट वृक्ष सृष्टि के आरंभ के साथ ही उत्पन्न हुआ और यह हर बार होने वाली महाप्रलय के साक्षी भी है। इस बात कि पुष्टि इस बात से भी होती है कि जैन मान्यता के अनुसार वट वृक्ष के निचे ध्यान करते हुए ही प्रयागराज में भगवान श्री आदिनाथ स्वामी को केवल ज्ञान (सर्वज्ञात अर्थात पूर्ण ज्ञान) की प्राप्ति हुई थी अतः इसे अक्षय वट नाम दिया गया, चूंकि भगवान आदिनाथ इस इस अवसर्पिणी काल के प्रारम्भ में हुएं थे जिन्होंने दुनिया को असी, मसी, कृषि, वाणिज्य, विद्या और शिल्प की शिक्षा देकर जीवन जीने कि विभिन्न विधाओं से परिचित कराया था। अतः यह अक्षय वट सृष्टि के आरंभ से होने सम्बन्धी किंवदंतियां प्रचलित हुई होगी। श्री राम सीता व लक्ष्मण से भी सम्बन्ध रहा है। इस वटवृक्ष की आस्था श्री राम के वनवास के समय यहां कुछ समय बिताने और मां सीता द्वारा इस वट को सदा जीवित रहने का वरदान दिया ऐसी किंवदंती भी प्रचलित है।

प्राचीन चरण चिन्ह आदि पुरा सामग्री है मौजूद इस स्थान का अपना पुरातत्व महत्व है। यहां के पातालपुरी मंदिर को अतिप्राचीन मंदिर माना जाता है। यहां भगवान श्री आदिनाथ स्वामी के प्राचीन चरण चिन्ह एवं तीर्थंकर मूर्तियां के साथ राम लखन सीता आदि मूर्तियां मौजूद हैं।

### अक्षय वट और अक्षय तृतीया

सनातन जैन धर्म के अनुसार प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) के ज्ञान प्राप्ति के प्रकरण को अक्षय वट की संज्ञा दी गई वहीं उनके एक वर्ष के उपवास के पश्चात आहार (पारणा) लेने सम्बंधित घटना को अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध मिली उसी दिन से दान पर्व की शुरुआत हुई थी। यह सब बातें इस बात की प्रतीक है कि भारत के जितने भी धर्म संस्कृति हैं वह सब आपस में एक दूसरे से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने लोकतंत्र और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए वैश्विक मदद मांगी



● पदमावत मीडिया

**इस्लामाबाद एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका से लोकतंत्र, मानवाधिकारों और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अपील की है। खान के नाम से प्रकाशित एक लेख में नेता ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी ''राजनीतिक वापसी'' के लिए बधाई दी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि अमेरिका आर्थिक साझेदारी एवं स्थिरता को प्रोत्साहित करने और संघर्ष एवं उग्रवाद को बढ़ावा देने वाली स्थितियों को रोकने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करेगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह लेख वास्तव में खान ने लिखा है या नहीं और इसे पत्रिका तक कैसे पहुंचाया गया। खान ने पाकिस्तान में ''राजनीतिक उथल-पुथल'' और लोकतंत्र के लिए अपनी लड़ाई का लेख में जिक्र किया। उन्होंने देश में लोकतंत्र के कथित क्षरण पर गहरी चिंता व्यक्त की और वर्तमान समय को देश के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में से एक बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके खिलाफ राजनीतिक रूप से प्रेरित कदमों के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ आरोप लगाए गए ताकि लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए उनके समर्थन को दबाया जा सके।

उन्होंने दावा किया कि उनका संघर्ष व्यक्तिगत नहीं है बल्कि लोकतंत्र के व्यापक मुद्दे से जुड़ा है जिसके न केवल देश के लिए, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए भी दूरगामी परिणाम हैं। खान ने पाकिस्तान के रणनीतिक महत्व को देखते हुए इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संकट से निपटने की तत्काल आवश्यकता को समझना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण आतंकवाद-रोधी प्रयासों से संसाधनों को हटाकर उन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध लेने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

# इजराइल ने संघर्षविराम के पहले चरण को बढ़ाने के अमेरिकी प्रस्ताव का समर्थन किया



● पदमावत मीडिया

**यरूशलम एजेंसी।** इजराइल के नए बयान में कहा गया है कि अगर उसे लगता है कि वार्ता अप्रभावी है तो वह लड़ाई फिर से शुरू कर सकता है। इसमें हमास द्वारा पहले चरण के विस्तार के प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार करने का भी उल्लेख किया गया है। इजराइल सरकार ने रविवार को कहा कि वह गाजा में संघर्ष विराम के प्रथम चरण को रमजान और यहूदी पर्व 'पासओवर' तक बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करती है। हमास ने हालांकि संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर बातचीत करने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह बयान पहले चरण के संघर्ष विराम के समाप्त होने के कुछ ही मिनटों बाद आया। दूसरे चरण के संघर्ष विराम के लिए बातचीत शुरू हो गई है जिसका उद्देश्य युद्ध को समाप्त करना और गाजा में बंधक बनाए गए सभी शेष जीवित लोगों को छोड़ना है। बयान में इस बारे में नई जानकारी दी गई है जिसे इजराइल ने अमेरिकी प्रस्ताव बताया है। इसमें कहा गया है ÷पासओवर या 20 अप्रैल तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाया जाएगा। पहले दिन, आधे बंधकों को, चाहे वे जीवित हों या मृत, छोड़ा जाएगा। अगर स्थायी युद्ध विराम पर सहमति बन जाती है तो बाकी को रिहा कर दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव इसलिए रखा गया क्योंकि अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को ÷यह आभास हुआ कि इस स्तर पर युद्ध समाप्त करने के लिए पक्षों के बीच सहमति बनने की कोई संभावना नहीं है, तथा स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत के लिए अधिक समय की जरूरत है। हमास की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। हमास ने पहले संघर्ष विराम के पहले चरण को 42 दिनों के लिए बढ़ाने के इजराइली प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। समूह के एक सदस्य ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा था कि ऐसा करनासंघर्ष विराम समझौते की शर्तों के खिलाफ है।

# 13 साल के लड़के के अपहरण और हत्या मामले में आरोपी बरी : ठाणे की कोर्ट का बड़ा फैसला

● पदमावत मीडिया

**ठाणे एजेंसी।** अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार काकड़े ने 17 अप्रैल 2022 को कपड़े खरीदने के बहाने पीड़ित सुरेश उर्फ रूपेश विजय गोले का अपहरण कर लिया था। बाद में ठाणे के दिवा में रेलवे पटरियों के पास एक सार्वजनिक शौचालय में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 2022 में 13 साल के लड़के के अपहरण और हत्या के मामले में आरोपी एक व्यक्ति को बरी कर दिया। सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने मुंब्रा के निवासी दशरथ प्रकाश काकड़े (30) को अपहरण, हत्या और सबूत नष्ट करने समेत विभिन्न आरोपों से बरी कर दिया। मामले में 28 फरवरी को पारित आदेश की एक प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गई। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार काकड़े ने 17 अप्रैल 2022 को कपड़े खरीदने के बहाने पीड़ित सुरेश उर्फ रूपेश विजय गोले का अपहरण कर लिया था। बाद में ठाणे के दिवा में रेलवे पटरियों के पास एक सार्वजनिक शौचालय में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। मुकदमे के दौरान पीड़ित की मां ने गवाही दी कि काकड़े घटना के दिन अपराह्न तीन बजे के आसपास लड़के को अपने साथ ले गया था। हालांकि, कोर्ट ने मां के बयान की विश्वसनीयता पर आशंका जताई, क्योंकि यह बयान घटना के 11 दिन बाद दर्ज किया गया था। भारतीय साक्ष्य अधिनियम का अनुपालन न करने के कारण महत्वपूर्ण साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज को अस्वीकार्य करार दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से दी गई एक और मुख्य दलील यह थी कि काकड़े पुलिस को उस स्थान पर ले गया, जहां लड़के का शव पड़ा था।

# इजराइल ने गाजा पट्टी में राहत सामग्री की अपूर्ति और सहायता पर रोक लगाई

● पदमावत मीडिया



**तेल अवीव एजेंसी ।** इजराइल ने गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे अतिरिक्त परिणाम भुगतने होंगे। हमास ने इजराइल पर नाजुक संघर्ष विराम समझौते को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सहायता बंद करने का उसका फैसला जबरन वसूली का घटिया हथकंडा, युद्ध अपराध और (संघर्ष विराम) समझौते पर हमला है। इजराइल-हमास के बीच संर्घष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। इसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है, जिसमें इजराइल के अपनी सेना वापस बुलाने और स्थायी युद्ध विराम के बदले में हमास दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करेगा। एक इजराइली अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि सहायता निलंबित करने का निर्णय ट्रंप प्रशासन के समन्वय से लिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कार्यालय ने रविवार सुबह कहा कि इजराइल 'पासओवर' या 20 अप्रैल तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में है। इसने कहा कि यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है। नेतन्याहू के कार्यालय के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत आधे बंधकों को, चाहे वे जीवित हों या मृत, पहले दिन छोड़ा जाएगा और अगर स्थायी युद्ध विराम पर सहमति बन जाती है तो बाकी को रिहा कर दिया जाएगा। अमेरिका, मिस्र या कतर की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई, जो एक साल से अधिक समय से इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थता कर रहे हैं। हमास ने कहा कि इजराइल द्वारा सहायता पर रोक लगाना समझौते का एक और उल्लंघन है, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत जारी है तथा राहत सामग्री की आपूर्ति और सहायता जारी रहनी चाहिए।

# 1952 में हटाया अपराधी का ठप्पा, सुल्ताना डाकू के वंशजों के हाथ अब कलम की ताकत

● पदमावत मीडिया

**मुरादाबाद एजेंसी।** वर्ष 1952 में अपराधशील जातीय अधिनियम समाप्त होने के बाद भांतू जनजाति ने शिक्षा और मेहनत के बल पर खुद को मुख्यधारा में शामिल किया। मुरादाबाद की आदर्श कॉलोनी इसका प्रतीक बनी, जहां आज कई लोग सरकारी नौकरियों, व्यापार और राजनीति में सक्रिय हैं। समाज में अपनी पहचान मजबूत करने के लिए भांतू समुदाय अभी भी संघर्षरत है। कुछ जातियों को अपराधशील घोषित करके उन पर प्रतिबंध लगाने का नियम 80 वर्ष पहले कार्यान्वित किया गया था। स्वतंत्रता के इस युग में यह अनुचित है कि किसी व्यक्ति विशेष को जन्म से ही अपराधी घोषित करके उसे नागरिकता के साधारण अधिकारों से वंचित कर दिया जाए। अतः भारत में गणतंत्रीय शासन ने यह निर्णय लिया है कि 31 अगस्त 1952 से अपराधशील जातीय अधिनियम का अंत कर दिया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री हर गोविंद सिंह ने 1952 में जब यह आदेश जारी किया तो मुख्यतः मुरादाबाद और इसके निकटवर्ती इलाकों में रहने वाली भांतू जनजाति के लिए एक ऐसी सुबह का सूरज उगा जिसमें उम्मीद का उजाला था। अपने काले अतीत से पीछा छुड़ाने और समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का संकल्प था। सोनकपुर ओवरब्रिज के पास कई किलोमीटर के दायरे में बसी आदर्श कॉलोनी आज इसी संकल्प का मूर्त रूप नजर आती है। आज यह कॉलोनी भी शहर की दूसरी तमाम बस्तियों की तरह एक सामान्य रिहायशी इलाका है, लेकिन भांतुओं का यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं रहा। उनकी इस यात्रा में विडंबना है। विद्रोह है। आपराधिक इतिहास की काली छाया है। और है, शिक्षा के माध्यम से गढ़ी गई एक नई दुनिया। भांतुओं के शुरुआती अतीत की वैसे तो कोई ठोस दस्तावेजी जानकारी नहीं मिलती, लेकिन 1914 में प्रकाशित यूनाइटेड प्रोविंस के पुलिस अधीक्षक एसटी हॉलिंस की किताब द क्रिमिनल ट्राइब्स यूनाइटेड प्रोविंस में यह संभावना जाहिर की गई है कि संभवतः भांतू शब्द की उत्पत्ति भाट से हुई है। नतीजा यह हुआ कि अंग्रेज सरकार ने भांतू और ऐसी तमाम जातियों पर नियंत्रण के लिए तत्कालीन यूनाइटेड प्रोविंस के कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर और मुरादाबाद इत्यादि कई जिलों में शहर के बाहर अलग बाड़े बना दिए।

# विशेष वकील को पद से हटाने की ट्रंप की कोशिश गैरकानूनीः अमेरिकी अदालत

● पदमावत मीडिया



**वाशिंगटन एजेंसी।** डेलिंजर ने खुद को हटाए जाने के बाद पिछले महीने ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। हालांकि कानून के अनुसार राष्ट्रपति केवल अक्षमता, कर्तव्य की उपेक्षा या कार्यालय में दुराचार के लिए ही विशेष वकीलों को हटा सकते हैं। अमेरिका की एक अदालत ने कहा है कि एक संघीय निगरानी एजेंसी के प्रमुख हैंपटन डेलिंजर को पद पर बरकरार रखा जाए और उन्हें हटाने का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रयास गैर-कानूनी है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश एमी बर्मन जैक्सन ने स्वतंत्र एजेंसी के प्रमुख को हटाने के राष्ट्रपति के अधिकार को लेकर एक कानूनी लड़ाई में विशेष वकील कार्यालय के प्रमुख हैंपटन डेलिंजर का पक्ष लिया। संभावना है कि इस एजेंसी की कमान एक बार फिर अमेरिकी उच्चतम न्यायालय को सौंपी जा सकती है। डेलिंजर ने खुद को हटाए जाने के बाद पिछले महीने ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। हालांकि कानून के अनुसार राष्ट्रपति केवल अक्षमता, कर्तव्य की उपेक्षा या कार्यालय में दुराचार के लिए ही विशेष वकीलों को हटा सकते हैं। डेलिंजर को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन ने नियुक्त किया था और अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने 2024 में पांच साल के कार्यकाल के लिए उनके नाम पर मुहर लगाई थी। जैक्सन ने ट्रंप प्रशासन का यह दावा खारिज कर दिया कि विशेष वकील को हटाए जाने से मिला संरक्षण असंवैधानिक है। न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रपति को अपनी इच्छा से विशेष वकील को हटाने की अनुमति देने से विशेष वकील के महत्वपूर्ण कर्तव्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जैक्सन ने अपने फैसले में लिखा कि विशेष वकील से अपेक्षा की जाती है कि वह राजनीतिक परिवर्तनों के बावजूद काम जारी रखे और निष्पक्षता सुनिश्चित करे। यह फ़ैसला ऐसे समय में आया है जब डेलिंजर ट्रंप प्रशासन द्वारा सरकार में बड़े पैमाने पर किए गए बदलाव के तहत परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने को चुनौती दे रहे हैं।

# शिल्पग्राम में 'ऋतु वसंत' उत्सव का समापन

## मोहम्मद अमान खान और कनक सुधाकर की जादुई प्रस्तुति ने बिखेरी वसंत की छटा

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शिल्पग्राम में आयोजित तीन दिवसीय 'ऋतु वसंत' उत्सव का समापन रविवार को मुक्ताकाशी रंगमंच पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इस उत्सव के अंतिम दिन जयपुर के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक मोहम्मद अमान खान ने अपनी मधुर और प्रभावशाली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को जीवंत करते हुए उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं का दिल जीत लिया। उत्सव का समापन दिल्ली की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना कनक सुधाकर और उनके दल द्वारा प्रस्तुत भरतनाट्यम नृत्य से हुआ। 'आनंद नाट्यम' शीर्षक से उनकी यह प्रस्तुति वसंत ऋतु की खुशी और ऊर्जा का उत्सव थी। कनक सुधाकर की नृत्य शैली में भाव, लय और तकनीकी कुशलता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित यह उत्सव 28 फरवरी से 2 मार्च तक चला, जिसमें देश भर के प्रख्यात कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि 'ऋतु वसंत' उत्सव ने शास्त्रीय संगीत और नृत्य के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने का कार्य किया। इस समापन समारोह ने न केवल कला प्रेमियों को एक यादगार अनुभव दिया, बल्कि वसंत के आगमन को भी उत्साह और उमंग के साथ मनाया। अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रेम भण्डारी, पामिल मोदी, विलास जानवे, भानुप्रिया रोहिल्ला, सहित शहर के गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहिता दीक्षित ने किया। शास्त्रीय गायक मोहम्मद अमान ने राग मारू बिहाग में 'रसिया हो ना जाए' की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसने वसंत के उल्लास को सुरों में पिरो दिया। अमान की गायकी में राग मारू बिहाग की मिठास और गहराई ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। उनकी आवाज में वसंत की ताजगी और राग की शास्त्रीयता का अनूठा संगम देखने को मिला।

मोहम्मद अमान ने मध्यलय में द्रुत ताल पर 'राखो मोरी लाज' की भावनात्मक प्रस्तुति दी, जिसने वसंत के उत्साह को सुरों में जीवंत कर दिया।

मोहम्मद अमान ने अपनी गायकी में शास्त्रीय संगीत की शुद्धता और भावनाओं की गहराई को बखूबी पेश किया। 'राखो मोरी लाज' की उनकी प्रस्तुति में द्रुत ताल की चपलता और मध्यम लय की संजीदगी का सुंदर मेल देखने को मिला। राग मालती बसंत में प्रस्तुत 'जाको तक देख सुर अपार' की शानदार गायकी के साथ हुआ। मोहम्मद अमान खान ने अपनी सुमधुर आवाज से राग मालती बसंत की गहराई को उजागर किया, जो वसंत ऋतु की खिलती ताजगी और संगीत के अपार सौंदर्य का प्रतीक बन गया। उनकी प्रस्तुति में शास्त्रीय संगीत की शुद्धता और भावनात्मक गहराई का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। तबले पर रमजान हुसैन, हारमोनियम पर अनूप राज पुरोहित, तानपुरा पर विशाल राठौड़ एवं डिम्पी सुहालका ने संगत की, जिसने इस प्रदर्शन को और भी प्रभावशाली बना दिया। नई दिल्ली स्थित सुनैना समूह द्वारा प्रस्तुत 'आनंद नाट्यम' भरतनाट्यम समूह नृत्य प्रस्तुति ने वसंत ऋतु के उल्लास को मंच पर जीवंत कर दिया। गुरु कनक सुधाकर के निर्देशन में वरिष्ठ शिष्याएं अपराजिता, श्रुतिका, उपासना, प्रहरिणी, सारध्युति, आन्याश्री, अरुणिमा और गरिमा ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। नृत्य प्रस्तुति की शुरुआत नत्यांजलि से हुई, जिसमें गणेश, सरस्वती, विष्णु, शिव और गुरु की स्तुति की गई। इसके बाद विशेष रूप से कोरियोग्राफ 'पुष्प अलारिप्पु' प्रस्तुत किया गया, जो फूलों के खिलने को दर्शाता है। इसके पश्चात 'आकाश लिंगम' में शिव के उस रूप को प्रदर्शित किया गया, जो प्राकृतिक सुंदरता, ऊर्जा और अनुग्रह से विश्व को भर देता है। इसके बाद 'वृंदावन में नवरस' प्रस्तुति हुई, जो रास की सुंदरता के बीच नौ रसों को प्रदर्शित करती है और दर्शकों को राग धनश्री में पारंपरिक तिल्लाना की ओर ले जाती है। यह कार्यक्रम वसंत ऋतु की उमंग और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा का सुंदर संगम था, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जयपुर में हथियार लेकर घूम रहे बदमाश गिरफ्तार

## राह चलते व्यक्ति ने संदेह होने पर पुलिस को दी सूचना, दो को पकड़ा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दो बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दरअसल, राह चलते व्यक्ति ने फोन पर संदिग्ध दोनों युवकों के बारे में मालपुरा गेट थाना पुलिस को बताया। इस के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों को डिटेन कर तलाशी ली गई। दोनों युवकों के पास एक हथियार और दो जिंदा कारतूस मिले। दोनों युवकों के खिलाफ पूर्व में एक-एक मुकदमे हैं। दोनों से पूछताछ की जा रही हैं। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतुस बरामद कर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया- अवैध हथियार रखने और खरीदफरोख्त करने वालों के खिलाफ सभी थानाधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए हुए थे। इसी आदेश के तहत सभी सीआई ने



इलाके में अपने मुखबिरों को संदिग्धों के बारे में जानकारी देने के आदेश किए हुए हैं। सीआई मानपुरा गेट मुनींद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की दो लड़के इनकी उम्र करीब 20-25 साल है।

### स्कूल के पास घूम रहे थे बदमाश

इनमें से एक ने हरे रंग की टी शर्ट व काले रंग का लोवर तथा दूसरे ने नीले रंग की टी शर्ट ग्रे रंग का लोवर पहन रखा है। इस के चेहरे पर दाड़ी मूंछ बढ़ी हुई है। इनके पास अवैध हथियार देशी कट्टा/पिस्टल हो सकता है। ये दोनों बदमाश एसआर ग्लोबल स्कूल के पास सांगानेर की तरफ घूम रहे हैं। ये लोग वारदात कर सकते हैं।

### ये गिरफ्तार हुए

सूचना पर गठित टीम ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर एक युवक राघवेन्द्र यादव (23) पुत्र जदुवीर यादव निवासी ग्राम मोहल्ला दुईया पुलिस थाना महुदरवाजा जिला फर्रुखाबाद यूपी हाल किरायेदार मकान न 667 कृषिनगर गोवर्धन नगर सांगानेर पुलिस थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर विपिन सक्सेना (24) पुत्र रामचन्द्र सक्सेना निवासी ग्राम मोहल्ला दुईया पुलिस थाना महुदरवाजा जिला फर्रुखाबाद यूपी हाल किरायेदार मकान न 667 कृषिनगर गोवर्धन नगर सांगानेर पुलिस थाना मालपुरा गेट।

## उदयपुर जिले में थाना प्रताप नगर पुलिस की कार्रवाई

# युवक का अपहरण व मारपीट कर पांच लाख की फिरौती मांगने के मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले की प्रताप नगर थाना पुलिस ने घासा निवासी एक युवक का अपहरण एवं मारपीट कर 5 लाख की फिरौती मांगने एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले का खुलासा कर तीन आरोपियों हिम्मत सिंह पुत्र अमर सिंह देवडा व मंगल सिंह पुत्र माधु सिंह निवासी लिम्बोली का गुडा, घासा एवं सुरेन्द्र सिंह पुत्र चतर सिंह झाला निवासी झालों का ढाणा, घासा, उदयपुर को गिरफ्तार किया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध मे नोलियों का नोहरा थाना घासा निवासी तुलसी राम द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि उसे 07 फरवरी की शाम 06 बजे रतन डांगी निवासी दरोली ने वाट्सअप कॉल कर मिलने के लिये घाटा वाली माताजी के यहां बुलाया था। वह अपने दोस्त मुकेश डांगी को लेकर कार से घाटा वाला माताजी पहुंचा। जहां से रतन ने उदयसागर चौराये पर बुलाया। वहां रतन लाल व दिनेश डांगी निवासी नाहर मगरा मिलें। मै बातचीत करने के लिये उनकी गाडी में बैठ गया। तभी वहां सुरेन्द्र सिंह झाला, हिम्मत सिंह, मंगल सिंह देवडा



व संजु डांगी निवासी नान्दवेल आये। सभी ने गाडी पर हमला किया। मेरे मुंह पर मुक्का मार मुझे गाडी में पटक झालों का ढाणा जंगल में ले जाकर मारपीट की। वहां पर मुझ से 05 लाख रूपये मांगे। उसके बाद मारपीट करते हुए नेगडिया टोल नाके पर लाकर छोड दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी गोयल के निर्देशानुसार आरोपियों की तलाश व गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व वृताधिकारी नगर पूर्व छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ प्रतापनगर राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। घटना के बाद फरार अभियुक्तों की तलाश में पुलिस टीम द्वारा लगातार पीछा किया। आ सूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से शनिवार को टीम ने तीन आरोपियों हिम्मत सिंह, मंगल सिंह व सुरेंद्र सिंह को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर विस्तृत अनुसंधान के लिए रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। रिमाण्ड के दौरान घटना में शामिल अन्य आरोपियों व वारदात में प्रयुक्त वाहनों के संबंध मे अनुसंधान किया जायेगा।

# कारूण्डा में जलग्रहण यात्रा से दिया वर्षा जल संरक्षण का संदेश, जल संरक्षण की शपथ दिलाई




● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** भू-संसाधन विभाग भारत सरकार तथा जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित जलग्रहण यात्रा से वर्षा जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से पंचायत समिति छोटीसादड़ी में संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (जलग्रहण विकास घटक) के तहत वाटरशेड़ यात्रा आज दिनांक 02.03.2024 को ग्राम पंचायत कारूण्डा पहुँची । जलग्रहण यात्रा के जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार अधीक्षण अभियंता द्वारा जलग्रहण यात्रा का मुख्य उद्देश्य - वर्षा जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना, जल संरक्षण के महत्व को समझाया एवं ब्लॉक की परियोजना अन्तर्गत चयनित पॉच ग्राम पंचायतों कारूण्डा, गागरोल, नाराणी, केसुन्दा, एवं सेमरड़ा के कुल चैदह गॉवों का कुल क्षेत्रफल 4982 हेक्टेयर अन्तर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन गतिविधि अन्तर्गत 3 अृमत सरोवर, 10 एनीकट, 7 पक्का चैक डेम, 2 सीसीटी, 4 रिर्चाज शॉफ्ट व 2 सनकन पोण्ड निमार्ण कार्य कुल लागत 178.75 लाख रूपयें के निर्माण कार्य करवाये गये है एवं आगामी भविष्य में 159.00 लाख रूपयें के कार्य करवाये जाएगें । ब्लॉक नोडल अधिकारी रामनारायण चैधरी सहायक अभियंता ने बताया कि कार्यक्रम में जलग्रहण की वेन से तथा टी.वी. शो से जल संरक्षण का संदेश दिया गया साथ ही अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता छगन सिंह मीणा सरपंच ग्राम पंचायत कारूण्डा ने की, उपखण्ड अधिकारी छोटीसादड़ी यतेन्द्र पोरवाल द्वारा वर्षा जल संरक्षण के प्रति स्थानीय लोगों को जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया, समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान महावीर सिंह कृष्णावत ने लोगों स्वयं के स्तर से भी जल संरक्षण करने का संदेश दिया ।

पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने जलग्रहण विभाग द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की एवं विभाग द्वारा कराये गये कार्यो से भविष्य में भू-जल स्तर में सुधार होगा जिससे पेयजल व सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चिता होगी । जलग्रहण यात्रा के दौरान श्रम दान का कार्यक्रम एनीकट कम काजवे कारूण्डा में सम्पादित किया गया, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कारूण्डा के विधार्थियों को निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु सम्मानित किया गया । राजीविका, ऑगनवाड़ी एवं स्थानीय महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाल कर वर्षा जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कैलाश गुर्जर, जसपाल गुर्जर, विक्रम कुमावत, रमेश गोपावत, जिला परिषद् सदस्य दलपत मीणा व स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों द्वारा भाग लिया गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की





● पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बांसवाड़ा के तलवाड़ा स्थित शक्ति पीठ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में सपरिवार विधि-विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इससे पहले हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विधायक श्रीचन्द कृपलानी, कैलाशचन्द्र मीणा, बांसवाड़ा जिला प्रमुख रेशम मालवीया, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया।

# उदयपुर में बीटेक का स्टूडेंट पिछोला में डूबा

## रविवार को दोस्तों साथ घूमने निकला था, लोअर भारी कपड़े का होने से डूबने की आशंका

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर की पिछोला झील में रविवार को एक बीटेक स्टूडेंट की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। शव निकालने गई सिविल डिफेंस की टीम का कहना था कि मृतक स्टूडेंट तैरना जानता था लेकिन उसने जो लोअर पहना हुआ था। वह काफी मोटे कपड़े था। भीगने के बाद कपड़े का वजन और बढ़ गया।

ऐसे में वह पानी में दोनों पैरों से ठीक से मूवमेंट नहीं कर सका और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है जिसमें डूबने के कारणों की स्पष्ट रूप से पुष्टि हो पाएगी। घंटाघर थाने के एएसआई भगवान लाल ने बताया कि मृतक की पहचान जी. सत्यनारायण निवासी काकलकेड़ा आन्ध्र प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक उदयपुर की सिंघानिया यूनिवर्सिटी में बीटेक फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। रविवार को यूनिवर्सिटी से आउट पास लेकर दोस्तों साथ घूमने आया था पुलिस ने बताया कि मृतक युवक रविवार को छुट्टी ?के दिन आउट पास लेकर दो दोस्तों के साथ



पिछोला झील घूमने आया था। झील में पहले से कुछ लोग रोज की तरह यहां नहा रहे थे। मृतक युवक ने भी नहाने के लिए अपने दोस्तों को बोला। बाकी दो दोस्त नहीं गए। वे झील किनारे बैठ गए और सत्यनारायण झील में नहाने गया। पहली बार वह झील में कूदा और तैरकर वापस आ गया। फिर दूसरी बार कूदा, जिसके बाद वह वापस नहीं आ सका। कुछ देर तक वापस नहीं आया तो दोस्तों को चिंता होने लगी। वे चिल्लाए लेकिन तब तक सत्यनारायण डूब चुका था। बाद में उसके शव को तलाशने के लिए सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया। सिविल डिफेंस ने शव निकालकर एमबी हॉस्पिटल मॉर्च्युरी में शिफ्ट कराया। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने पर शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों का सुपुर्द किया जाएगा।

# मुंबई में हुए रोड एक्सीडेंट का मामला जोधपुर में दर्ज

## सरदारपुरा थाने में जीरो नंबरी एफआईआर लेकर महाराष्ट्र पुलिस को भेजी



● पदमावत मीडिया

**जोधपुर ।** पुलिस कमिश्नरेट के सरदारपुरा थाने में मुंबई में हुए सड़क हादसे की जीरो नंबरी स्र्ढ्ढक्र दर्ज की गई है। आमतौर पर पुलिस अपने ही शहर के मुकदमे दर्ज नहीं करती है, लेकिन मानवीय पहलू को देखते हुए पुलिस की ओर से इस मामले में जीरो नंबरी स्र्ढ्ढक्रदर्ज कर आगे की जांच के लिए मुंबई पुलिस को भेजी गई है।

### 1 मार्च को हुई थी मौत

दरअसल, सरदारपुरा थाने में नंदकिशोर नाई निवासी अशोक कॉलोनी माता का थान ने रिपोर्ट दी थी। बताया कि 31 जनवरी को मांडवी विरार थाना क्षेत्र मुंबई महाराष्ट्र में अज्ञात वाहन चालक ने उनके भाई के वाहन को चलाते समय टक्कर मार दी। वहीं टक्कर में उनका भाई घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान 1 मार्च को मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जीरो नंबरी स्र्ढ्ढक्र दर्ज की गई। घटना स्थल पुलिस थाना मांडवी पुलिस आयुक्तालय मीरा भयंदर, वसई विरार मुंबई महाराष्ट्र का होने की वजह से स्र्ढ्ढक्रदर्ज कर संबंधित थाने को पुलिस की ओर से भिजवाया गया है।

## महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन के 41वें सम्मान समारोह में

# डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया 78 विद्यार्थियों का सम्मान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सिटी पेलेस उदयपुर के ऐतिहासिक जनाना महल के लक्ष्मी चौक में महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन का 41वाँ वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी महाराज कुमार साहिब डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने परमेश्वराजी महाराज श्री एकलिंगनाथजी एवं फाउण्डेशन के संस्थापक महाराणा भगवत सिंह जी मेवाड़ को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। प्रभु श्री एकलिंगनाथ जी की प्रार्थना के पश्चात् महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 'श्रीराम स्तुति' प्रस्तुत की। तत्पश्चात् फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से सम्मान ग्रहण करने के लिए मंच संचालक ने भामाशाह सम्मान के 15, महाराणा



राज सिंह सम्मान के 17 तथा महाराणा फतह सिंह सम्मान के 46 विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित किया, जिन्हें मेवाड़ ने सम्मान के तहत प्रमाण-पत्र, रुपये ग्यारह हजार एक की सम्मान राशि एवं मेडल प्रदान करते हुए फाउण्डेशन के कर्तव्यों का निर्वहन किया। फाउण्डेशन के प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के निर्णयानुसार सम्मान समारोह में लगभग सभी ईको-फ्रेंडली उत्पाद ही उपयोग में लिये गये। जिनमें विद्यार्थियों को गाय के गोबर से तैयार करवाये गये पेपर के प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। फाउण्डेशन की ओर से ऐसे पेपर का उपयोग प्रतिवर्ष लाखों वृक्षों को कटने से बचाने और आने वाली पीढ़ी के लिये भी पर्यावरण प्रेम का संदेश है तो दूसरी ओर हम हमारी गोशालाओं को भी आत्मनिर्भर बना सकते हैं। इस वर्ष महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन के 41वें सम्मान समारोह में महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर की छात्रा मोहलक्षिका कुमारी मेवाड़ ने समारोह में पधारें सभी अतिथियों का आभार-साधुवाद ज्ञापित किया और सम्मानित विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद व अन्य विषयों में अर्जित विशेष उपलब्धियों के लिए फाउण्डेशन की ओर से शुभकामनाएं प्रदान की। समारोह का मंच संचालक गोपाल सोनी ने किया।

## उदयपुर डीएसटी व थाना टीडी की संयुक्त कार्रवाई

# 12.60 टन अवैध खैर की गीली लकड़ी जब्त, पांच अभियुक्त गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले की स्पेशल टीम एवं थाना टीडी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में खारा फला क्षेत्र की एक मगरी के बीच जंगल से अवैध खैर की लकडी काट कर लकड़ी के गट्टे छील भण्डारण करने के मामले में



पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 12.16 टन गीली खैर की लकड़ी जब्त की है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि टीडी खारा फला में एक मगरी के बीच जंगल से अवैध खैर की लकड़ी काटकर लकड़ी के गट्टे (छीले हुए )का भण्डारण किया गया है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा एवं सीओ गिर्वा सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में प्रभारी डीएसटी श्याम सिंह रत्नू व एसएचओ टीडी देवे?द्र सिंह मय टीम खारा फला में मगरी के पास पहुंचे जहां खुली जगह पर अवैध खैर की गीली लकड़ी के गट्टे का भण्डारण किया गया था। वहीं मौजूद पांच व्यक्ति टीम को देख भागने लगे। जिन्हें पकड़ नाम पता पूछा तो कालु खान पुत्र रहमत खान, शोकत खान पुत्र शब्बीर खान, शराफत खान पुत्र हनीफ खान, शाहिद खान पुत्र दरियावा खान एवं सलामत खान पुत्र हनीफ खान निवासी शादलखेडा थाना निकुम्भ, चितौडगढ़ होना बताया। उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध खैर की गीली लकड़ियों को बिना लाइसेंस व परमिशन के जंगल से काट छिलकर भण्डारण करने पर गिरफ्तार किया गया। जब्त खैर की लकड़ियों का कुल वजन 12 हजार 160 किलोग्राम है।

## चित्तौड़गढ़ जिले में थाना भदेसर व साइबर सेल की टीम ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

# कर्ज में डुबे धर्म भाई ने की थी महिला की हत्या, मात्र 48 घंटे में घटना का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** दो दिन पूर्व चित्तौड़गढ़ जिले में भदेसर थानान्तर्गत हाज्याखेडी नदी पुलिया पर मिली अज्ञात महिला की लाश के ब्लाइन्ड मर्डर का भदेसर थाना पुलिस व साइबर सेल ने घटना के 48 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी धर्म भाई रमेश चन्द्र पुत्र बाबू लाल गाडीया लौहार (38) निवासी बासडारोड वाना थाना खेरोदा उदयपुर को गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि आरोपी ने मृतक महिला को धर्म की बहन बना रखा था। कर्ज में डुबे होने व महिला के रुपये नहीं लौटा पाने की सूरत में महिला के पहने हुए सोने के जेवरात लूटने के लिए हत्या कर लाश को हाज्याखेडी नदी पुलिया पर डाल कर चला गया। मामले के खुलासे में थाना भदेसर के कांस्टेबल विजय कुमार की विशेष भूमिका रही। एसपी जोशी ने बताया कि मामले का खुलासा करने के लिए एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी भदेसर धर्मराज मीना व साईबर सैल टीम की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने मृतका के फोटो सोशल मीडिया में शेयर कर व आसुचना तन्त्र से लाश की शिनाख्त मीना मेनारिया पत्नि हुक्मी चन्द निवासी आजाद




नगर रूण्डेडा थाना वल्लभनगर उदयपुर के रुप में की। परिजनों को बुलाया गया। मृत्यु के कारणों की जॉच के लिए मेडीकल बोर्ड से लाश का पोस्टमार्टम करा लाश परिजनों को सुपुर्द की गई। बेटे विनोद मेनारिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी मां मीना 27 फरवरी की शाम करीब 5ः00 बजे घर से उसकी पत्नि राधा के गांव में जाकर आने का कहकर गई थी। काफी देर तक घर पर नही आने से आस-पास काफी तलाश की एवं उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया तो मोबाइल स्वीच ऑफ आने से वल्लभनगर थाने में जाकर गुमशुदगी दर्ज करायी। उसी दौरान देर रात को वाट्सएप्प ग्रुप से जानकारी मिली कि भदेसर थाना क्षेत्र के हाज्याखेडी पुलिया पर एक महिला की लाश मिली है। सूचना पर वे तुरन्त भदेसर थाना पहुंचे। उक्त लाश उसकी मां मीनाबाई की है, जिनकी किसी ने हत्या कर दी है। टीम ने उक्त ब्लाईड मर्डर को चैलेंज के रूप में लेते हुए तकनीकी व आसूचना तंत्र के माध्यम से अनुसन्धान किया। वारदात स्थल का निरीक्षण कर तकनीकी डाटा एवं तकनिकी साक्ष्य जुटाए। घटना के आसपास से लेकर पुरे रूट के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर मुखबिर एक्टिव किये गए। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी रमेश चन्द्र गाडीया लौहार को नामजद कर उसके बारे में सुचना प्राप्त कर आरोपी को डिटेन कर हत्या के बारे में पुछताछ की तो उसने बताया कि वह गाय भैंस खरीदने बेचने का व्यापार करता हैं। उसने मृतका मीना को 10-12 सालों से धर्म की बहन बना रखा है। वह उसके घर भी आता जाता है। उसे नशा करने व जुआ सट्टा खेलने का शौक है। इसके कारण उसके उपर लोगों व मीना का काफी कर्जा होने गया। मृतका द्वारा भी कर्ज के रुपये मॉगने से आरोपी ने कर्जा उतारने के लिए योजना बनाई। उसे पता था कि मृतका मीना बाई सोने चांदी के जेवर पहनती है। साजिश के तहत उसने मृतका मीनाबाई को गाय दिलाने के बहाने गांव से बाहर बुलाया। गांव के बाहर से अपनी पिकअप में बैठाकर मंगलवाड की तरफ फिर वहां से चित्तौडगढ की तरफ ले गया। चित्तौडगढ उदयपुर हाईवे पर भदेसर थाना इलाके में हाज्याखेडी पुलिया के पास ले जाकर धोखे से गला दबाकर हत्या कर दी और मृतका की चुनरी से मुंह बांध दिया। पहने हुए सोने के जेवर खोल कर अपने घर की तरफ निकल गया। उक्त कार्रवाई में थाना भदेसर से थानाधिकारी धर्मराज मीना, एएसआई निहाल चन्द, सुभाष, गोपाल, सुनील, कांस्टेबल विकास, विजय, रतन सिह, नरेन्द्र, झाबरमल, मुरलीधर, धर्मेंद्र, प्रहलाद सिंह व महिला कांस्टेबल सुमित्रा एवं साइबर सैल से हैड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल रामावतार, रामनरेश, मनीष, राजेश व कमलेश का अहम योगदान एवं मामले के खुलासे में थाना भदेसर के कांस्टेबल विजय कुमार की विशेष भूमिका रही।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन मॉँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।